प्रेषक,

जयन्त नार्लिकर,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवामें,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 24 अक्टूबर, 2018

विषय- के0जी0एम0यू0 के प्रशासनिक निष्प्रयोज्य नीलाम किये जा चुके वाहनों के सापेक्ष नये वाहन क्रय किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-5897/के0ट्रांसपोर्ट सेल/18, दिनांक 06-9-2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा के0जी0एम0यू0 के प्रशासनिक निष्प्रयोज्य नीलाम किये जा चुके वाहनों के सापेक्ष 03 नये वाहन क्रय किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने को निर्देश हुआ है कि के0जी0एम0यू0 के प्रशासनिक कार्यों हेतु निम्नांकित वाहनों को क्रय किये जाने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि वाहनों को क्रय करने से पूर्व प्रस्तावित वाहन डी0जी0एस0 एण्ड डी0 दर तथा (GeM) पोर्टल द्वारा निर्धारित दरों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-1/2015/403/18-2-15-125(ल0उ0)/2014, दिनांक 22 मई 2015 का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा:-

क्र0	अधिकारी	वाहन का प्रकार	संख्या	दरें (as per Government E-Market Place (GeM) Portal of DGS&D)	धनराशि (रू0)
1	कुलपति	INNOVA CRYSTA 2.4 G PACKAGE: X, 7 SEATER	01	13,45,746.61	13,45,746.61
2	कुलसचिव	Ciaz Delta, Petro (Euro-IV Compliant)	02	7,29,401.42	14,58,802.84
3	वित्त अधिकारी				
				योग-	28,04,549.45

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3/2193/दस-2018, दिनांक 22 अक्टूबर, 2018 द्वारा में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(जयन्त नार्लिकर)
विशेष सचिव।

संख्या- 134/2018/2803(1)/71-2-18-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. वित्त अधिकारी, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
2. सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2/वित्त ई-3
3. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in